# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

संख्या :: 196/01/E-01/DR/PCS/2025-26 दिनांक : 14 अक्टूबर, 2025

## विज्ञप्ति

## उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा (मुख्य) परीक्षा–2025

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या–A-1/E-1/PCS-2025/2025-26 दिनांक 07 मई, 2025 द्वारा उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2025 हेतु विज्ञापित 123 पदों के सापेक्ष दिनांक 29 जून, 2025 को आयोजित एवं दिनांक 10 सितम्बर, 2025 को 15 अभ्यर्थियों हेतु पुनः आयोजित द्वितीय प्रश्न–पत्र की प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम विज्ञप्ति संख्या–169/08/PCS(P)-25/G-2/2025-26 दिनांक 08 अक्टूबर, 2025 द्वारा घोषित किया गया है।

2. प्रारम्भिक परीक्षा में सफल घोषित अभ्यर्थियों द्वारा दिनांक 06 दिसम्बर, 2025 से 09 दिसम्बर, 2025 तक हरिद्वार एवं हल्द्वानी नगर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा शुल्क जमा कराया जाना है एवं उक्त परीक्षा हेतु नगर के चयन के विकल्प भरे जाने हैं। इस हेतु अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट **www.psc.uk.gov.in** पर दिये गये लिंक का प्रयोग करते हुए निर्धारित अंतिम तिथि 30.10.2025 तक मुख्य परीक्षा हेतु नगर के चयन हेतु विकल्प भरते हुए परीक्षा शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें।

3. उक्त परीक्षा हेतु आवेदन किये जाने एवं मुख्य परीक्षा का शुल्क जमा किये जाने से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियां निम्नवत् हैः–

| | | |
|---|---|---|
| i | मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन करने एवं परीक्षा शुल्क **Net Banking/Debit Card/Credit Card/UPI** के माध्यम से जमा करने की प्रारम्भ तिथि– | 16.10.2025 (गुरूवार) |
| ii | मुख्य परीक्षा हेतु आवेदन करने एवं परीक्षा शुल्क **Net Banking/Debit Card/Credit Card/UPI** के माध्यम से जमा करने की अंतिम तिथि– | 30.10.2025 (गुरूवार) |

4. मुख्य परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों द्वारा निम्नांकित नगरों हेतु अपना विकल्प प्रस्तुत किया जाना हैः–

| नगर का नाम | नगर कोड |
|---|---|
| हरिद्वार | 01 |
| हल्द्वानी | 02 |

**नोट**– केन्द्र निर्धारण के उपरान्त परीक्षा केन्द्र परिवर्तन के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के अनुरोध/प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

5. उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2025 हेतु जारी विज्ञापन संख्या**:** A-1/E-1/PCS-2025/2025-26 दिनांक 07 मई, 2025 के प्रस्तर–18 (ख) (3) के अनुसार मुख्य परीक्षा हेतु औपबन्धिक रूप से अर्ह अभ्यर्थियों को अपनी श्रेणी/उपश्रेणी के अनुसार निम्नवत् परीक्षा शुल्क जमा किया जाना हैः–

| क्र0सं0 (Sr. No.) | श्रेणी (Category) | आवेदन–शुल्क (Aplication Fees) | प्रोसेसिंग शुल्क टैक्स सहित (Processing Fees with Tax) | कुल शुल्क (Total Fees) |
|---|---|---|---|---|
| 01. | अनारक्षित | रू0 250 | रू0 16.36 | रू0 266.36 |
| 02. | उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग | रू0 150 | रू0 16.36 | रू0 166.36 |
| 03. | उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति | रू0 100 | रू0 16.36 | रू0 116.36 |
| 04. | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | रू0 150 | रू0 16.36 | रू0 166.36 |
| 05. | शारीरिक दिव्यांगजन | कोई शुल्क नहीं | रू0 16.36 | रू0 16.36 |
| 06. | उत्तराखण्ड राज्य में संचालित स्वैच्छिक/राजकीय गृहों में निवासरत अनाथ बच्चे | **कोई शुल्क नहीं** | **कोई शुल्क नहीं** | **कोई शुल्क नहीं** |

**नोट** : (1) उत्तराखण्ड के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित/उत्तराखण्ड महिला/उत्तराखण्ड पूर्व सैनिक अभ्यर्थी जिस वर्ग या श्रेणी, **यथा**– सामान्य श्रेणी या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के हों, उन्हें उसी वर्ग/श्रेणी हेतु निर्धारित शुल्क जमा करना होगा।

(2) उत्तराखण्ड **शासनादेश संख्या– 1673/XXX(2)/2010, दिनांक 10 नवम्बर, 2010** एवं शासन के **पत्र सं0– 232/XXX(2)/2018/30(05)/2014 दिनांक 26 सितम्बर, 2018** के क्रम में विज्ञापित पदो के सापेक्ष निःशक्तता से ग्रस्त दिव्यांगजन अभ्यर्थियों हेतु आवेदन शुल्क में छूट अनुमन्य होगी किन्तु प्रोसेसिंग शुल्क टैक्स सहित रू0 16.36 देय होगा।

6. मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित अंतिम तिथि 30.10.2025 तक शुल्क जमा न करने वाले अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन विज्ञापन के बिन्दु संख्या–18 (ख) (2) के आलोक में निरस्त कर दिया जाएगा।

7. प्रश्नगत परीक्षा के इस चरण में मुख्य परीक्षा हेतु सफल अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिंटआउट प्रति के साथ अपने दावों के समर्थन में समस्त शैक्षणिक/आरक्षण आदि संबंधी प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति आयोग कार्यालय में जमा करने की आवश्यकता नहीं है। मुख्य परीक्षा के उपरान्त साक्षात्कार हेतु सफल अभ्यर्थियों को पृथक से समाचार पत्रों एवं आयोग की वेबसाइट पर विज्ञप्ति के माध्यम से आवेदन पत्र की प्रिंटआउट प्रति सहित समस्त अनिवार्य अभिलेख मंगाये जाने हेतु सूचित किया जायेगा। अतः अभ्यर्थी अपने ऑनलाइन आवेदन–पत्र की प्रति सुरक्षित रखें।

-Sd-
(अशोक कुमार पाण्डेय)
सचिव।